मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी
مولانا آزاد نیشنل اردو یونیورسٹی

MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY

A Central University, Ministry of Education, Govt. of India
GACHIBOWLI, HYDERABAD-500032 (India), Phone: +91-040-23006612-15, manuu.edu.in

COLLEGE OF TEACHER EDUCATION, BHOPAL

अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल

کالج آف ٹیچر ایجوکیشن، بھوپال

हिंदी दिवस के अवसर पर

हिंदी पखवाड़ा

की

रिपोर्ट (प्रतिवेदन)

06. 09. 2024 से 14. 09. 2024

हिंदी पखवाडे पर मानू सी टी ई भोपाल में आयोजित कार्यक्रम की रिपोर्ट (प्रतिवेदन)

14 सितंबर 2024, हिंदी दिवस के अवसर पर हमारे कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया जिसके अंतर्गत कई भाषा सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व को समझना और उसका प्रचार–प्रसार करना है। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारिता रही । हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ विद्यार्थियों ने अपनी भाषाई क्षमता को भी अभिव्यक्त किया।

हिंदी पखवाड़े का आयोजन 06.09.2024 से 13.09.2024 के बीच किया गया जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नौशाद हुसैन, द्वारा उद्घाटन भाषण के साथ हुआ। उन्होंने हिंदी भाषा के ऐतिहासिक महत्व, साहित्यिक योगदान, और राजभाषा के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है–

भाषाई गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 6 सितंबर 2024 को निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय "हिंदी– उर्दू एक साझा सांस्कृतिक विरासत" था । इस प्रतियोगिता के विजेता अभिनव गौरव, प्रथम क्रमांक, बी.एड. तृतीय सेमेस्टर, मो.अल्ताफ अहमद द्वितीय क्रमांक, बी.एड.प्रथम सेमेस्टर, सदफ फातिमा, तृतीय क्रमांक, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर से रहे । निबंध प्रतियोगिता में निर्णायिका डॉ. नीति दत्ता थी।

दिनांक 9 सितंबर 2024 को तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी, इसके अंतर्गत भिन्न–भिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने भाषाई कला का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम क्रमांक पर मो. अल्ताफ अहमद, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय क्रमांक पर मोहसिना खातून, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, तृतीय क्रमांक पर आरफा खातून बी.एड. प्रथम सेमेस्टर इन्होंने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता की निर्णायिका डॉ. प्रविनी पंडागले थी।

दिनांक 10 सितम्बर 2024 को श्रुत लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके विजेता प्रथम स्थान पर नूर शमा, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर मो. महफूज आलम बी.एड. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर हिना परवीन बी.एड. प्रथम सेमेस्टर से रहें, जिसकी निर्णायिका डॉ. प्रविनी पंडागले थी।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता दिनांक 11 सितंबर को संपन्न हुई जिसका विषय "हिंदी दिवस का महत्त्व" रखा गया इसके विजेता प्रथम क्रमांक पर उरोज फातमा, प्रथम क्रमांक, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय क्रमांक पर सईदा जबीन, बी.एड. प्रथम सेमेस्टर और तृतीय क्रमांक पर दिलशाद आलम, बी.एड. तृतीय सेमेस्टर से रहे, जिसके निर्णायक गण डॉ. तरन्नुम खान और श्री सैफुद्दीन अंसारी थे।

दिनांक 12 सितंबर 2024 को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय "रोजमर्रा के जीवन में हिंदी की प्रासंगिकता" था। इसमें प्रथम स्थान इस्मा ज़फ़र, बी. एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान सईदा जबीन, बी. एड. प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान मो. अरमान, बी. एड. प्रथम सेमेस्टर इन्होंने हासिल किया । इस प्रतियोगिता के निर्णायक गण डॉ. शबाना अशरफ, डॉ. शेख़ इरफान जमील एवं डॉ. अखिलेश कुमार मीणा थे।

दिनांक 13 सितंबर 2024 को समापन के अवसर पर कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जो स्वयं रचित एवं कवि की लिखित रचनाओं पर आधारित थी, इसके अंतर्गत प्रथम स्थान पर नूर शमा, बी. एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर इस्मा ज़फ़र, बी. एड. प्रथम सेमेस्टर, और तृतीय स्थान पर फारिया नाज, बी. एड. प्रथम सेमेस्टर रहे। कविता पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक गण डॉ. तलमीज़ फातिमा नकवी, डॉ. शबाना अशरफ, डॉ. जकी मुमताज, डॉ अखिलेश कुमार मीणा और मो. फैसल थे।

सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी भाषाई योग्यता को निखारा। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान कमिटी के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रविनी पंडागले और डॉ. अखिलेश कुमार मीणा थे। इस पखवाड़े में प्राचार्य प्रो. नौशाद हुसैन एवं कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. तलमीज़ फातिमा नकवी और सह-समन्वयक डॉ. शबाना अशरफ इनकी प्रमुख भूमिका रही इन्होंने समय-समय पर सहयोग एवं मार्गदर्शन देकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

समन्वयक	**सह-समन्वयक**	**संयोजक**	**प्राचार्य**
डॉ. तलमीज़ फातिमा नकवी	डॉ. शबाना अशरफ	डॉ. अखिलेश कुमार मीणा डॉ. प्रविनी पंडागले	प्रो. नौशाद हुसैन